डिजीटल पत्र

दैनिक

# कांग्रेस दर्पण





पटना, 03 जुलाई, बुधवार, 2024

बिहार प्रदेश कांग्रेस सेवादल सदाकत आश्रम पटना - 10


# राहुल गांधी ने पीएम मोदी पर किया कटाक्ष

संवाददाता ।कांग्रेस दर्पण



नई दिल्ली। लोकसभा सत्र के दौरान कांग्रेस नेता और नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी के अभिभाषण का कुछ अंश लोकसभा अध्यक्ष द्वारा हटा दिया गया। इससे नाराज राहुल ने पीएम मोदी पर कटाक्ष करते हुए कहा कि मोदी की दुनिया में सत्य मिटाया जा सकता है, लेकिन हकीकत में नहीं।

18वीं लोकसभा का पहला संसद सत्र शुरू हो गया है। सोमवार को राहुल गांधी ने नेता प्रतिपक्ष के रूप में अपने बात रखी। यह दस साल में पहली बार था कि नेता प्रतिपक्ष ने इस अंदाज में संसद में अपनी बात रखी। राहुल गांधी के अभिभाषण के दौरान भाजपा के शीर्ष नेताओं ने आपत्ति भी दर्ज कराई। उनके अभिभाषण के बाद गृहमंत्री ने तथ्यों की जांच कराने का आग्रह भी किया। कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने अपने भाषण में भाजपा नेताओं, भाजपा योजनाओं को निशाने पर रखा। अग्निवीर जैसी योजनाओं का राहुल गांधी ने खुलकर विरोध दर्ज कराया। वहीं सत्तारूढ भाजपा पर सांप्रदायिक आधार पर जनता को बांटने का आरोप लगाया। उन्होंने यह भी कहा कि किसानों के साथ भेदभाव, परीक्षाओं में अनियमितताओं, महंगाई समेत कई मुद्दों को उन्होंने अपने अभिभाषण में शामिल किया।

राहुल गांधी की एक टिप्पणी पर सत्ता पक्ष में भारी विरोध भी हुआ। हालांकि बाद में लोकसभा अध्यक्ष द्वारा उनके अभिभाषण के कुछ हिस्से हटा दिए गए। इस बात पर राहुल गांधी ने मंगलवार को कहा कि ''मुझे जो कुछ भी कहना था, मैंने कह दिया है और यही सत्य है। वे जितना चाहें उतना मिटा सकते हैं, लेकिन सत्य की जीत होगी।'' उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की दुनिया में सत्य को मिटाया जा सकता है, लेकिन हकीकत में नहीं। यह बात लोकसभा में उनके भाषण के महत्वपूर्ण हिस्सों को अध्यक्ष द्वारा हटाए जाने के कुछ घंटों बाद कही।

# छत्तीसगढ़ में कानून व्यवस्था पर कोर्ट ने दोबारा खड़ा किया सवाल, कांग्रेस ने सीएम-गृह मंत्री से मांगा इस्तीफा

संवाददाता ।कांग्रेस दर्पण



रायपुर.

छत्तीसगढ़ कांग्रेस प्रदेश संचार विभाग के अध्यक्ष सुशील आनंद शुक्ला ने भाजपा पर जमकर निशाना साधा है। उन्होंने कहा कि हाई कोर्ट ने राज्य की कानून व्यवस्था पर सवाल खड़ा किया है। उन्होंने ताज कसते हुए कहा कि राज्य में बेलगाम कानून व्यवस्था पर एक महीने में दो बार कोर्ट ने सवाल खड़ा किया है। यह राज्य सरकार की अक्षमता है कि उच्च न्यायालय को कड़ी टिप्पणी करना पड़ रहा है।

सुशील आनंद शुक्ला ने कहा कि हाई कोर्ट ने एक व्यक्ति को गलत तरीके से गुंडा सूची में नाम डालने पर सरकार को फटकार लगाते हुए पूछा है कि राज्य में कानून नाम की कोई चीज है कि नहीं। एक महीने पहले भी हाई कोर्ट ने राज्य की कानून व्यवस्था पर सवाल खड़ा किया था। हाई कोर्ट ने सुनवाई के दौरान कहा रोज दुर्घटनाएं हो रही है कोई ध्यान देने वाला नहीं है। नेशनल हाईवे में हैवी ट्रेफिक है, सड़के उखड़ी हुई है, कोई ध्यान देने वाला नहीं है। राज्य में क्राइम बढ़ा है, ट्रेफिक बदहाल है, पर्यावरण प्रदूषण बढ़ रहा है। कन्ट्रोल करने वाला कोई नहीं है। उन्होंने तीखा प्रहार करते हुए कहा कि हाई कोर्ट की इस तल्ख टिप्पणी के बाद नैतिकता के आधार पर मुख्यमंत्री जिनके पास परिवहन विभाग है औरगृहमंत्री विजय शर्मा जो राज्य की कानून व्यवस्था संभाल नहीं पा रहे अपने पद से तत्काल इस्तीफा दें।

उन्होंने कहा कि पूरे प्रदेश में अराजकता के हालात है। पांच माह में छत्तीसगढ़ अपराध का गढ़ बन गया है। गुंडे, अपराधी, लूटेरे, चोर बेलगाम हो गये है, बलात्कार और हत्यायें आम हो गयी है। इन घटनाओं को रोकने की दिशा में सरकार की तरफ से कोई ठोस कदम नहीं उठाया जा रहा। सत्तारूढ़ दल के लोग अपराधियों के पैरोकार बन गये है। पुलिस की पीसीआर वैन तो वसूली वैन बन चुकी है जो नशाखोरों, अपराधियों को चंद रुपयों के बदले संरक्षण देती है। हाई कोर्ट की टिप्पणी राज्य की जर्जर कानून व्यवस्था का आईना है। इस टिप्पणी के बाद मुख्यमंत्री, गृह मंत्री तत्काल इस्तीफा दें।

# प्राथमिक शिक्षकों को निलंबन मुक्त करने के लिए कांग्रेस नेता ने DC को सौंपा ज्ञापन

संवाददाता ।कांग्रेस दर्पण




कांग्रेस के वरिष्ठ नेता और समाजसेवी मुन्ना सिंह ने हजारीबाग की उपायुक्त नैन्सी सहाय से मुलाकात कर जिले के प्राथमिक शिक्षकों को निलंबन मुक्त करने के लिए ज्ञापन सौंपा।

उन्होंने बताया कि हजारीबाग में फरवरी और मार्च महीने में लगभग 10 शिक्षकों को जिला शिक्षा अधीक्षक द्वारा छोटे-मोटे आरोप लगाकर निलंबित कर दिया गया था। जिले में इन शिक्षकों की निलंबन अवधि तीन महीने से अधिक हो जाने के बावजूद, जिला शिक्षा अधीक्षक द्वारा शिक्षकों को निलंबन मुक्त करने की दिशा में कोई पहल नहीं की गई है।

शिक्षकों के निलंबन से विद्यालयों के पठन-पाठन पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ा है, क्योंकि अधिकांश निलंबित शिक्षक प्रभारी प्रधानाध्यापक हैं।

इस पर प्रतिक्रिया देते हुए ऊु नैन्सी सहाय ने कहा कि सभी निलंबित शिक्षकों को निलंबन मुक्त करने का निर्देश दे दिया गया है। उन्होंने आश्वासन दिया कि बहुत जल्द हजारीबाग जिले के प्राथमिक शिक्षकों को निलंबन मुक्त कर दिया जाएगा।

# राहुल गांधी जी ने हिन्दुत्व के संदर्भ में कुछ भी ग़लत नही कहा

संवाददाता ।कांग्रेस दर्पण

अखण्ड भारत के पवित्र आंगन संसद भवन में प्रतिपक्ष के नेता आदरणीय राहुल गांधी जी ने हिन्दुत्व के संदर्भ में कुछ भी ग़लत नही कहा है। उनका आशय एकदम स्पष्ट है कि क्या केवल भाजपाई और आरएसएस के लोग हीं हिन्दू हैं ?

बिहार प्रदेश कांग्रेस सेवादल सोशल मीडिया के अध्यक्ष अशोक कुमार प्रियदर्शी ने भाजपा एवं इनके समर्थित दलों पर कड़ी प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए कहा कि विगत कुछ दशकों से सत्ता में आने या बने रहने के लिए गैर-संवैधानिक तरीके से यहां के बहुसंख्य हिन्दुओं को हमेशा भड़काने व गुमराह करने के लिए खुद को हिन्दू धर्म का ठिकेदार और रहनुमा साबित करने में लगे हैं। इसका मतलब क्या गैरभाजपाई हिन्दू नही हैं, क्या बाकी करोड़ों हिन्दुओं कि भावनाएं आहत नही हो रही है ? इसका मतलब भारतीय जनता पार्टी व इनके समर्थित राजनीतिक दलों के अलावे बाकी हिन्दू नही माने जाएंगे ? अगर इन लोगों को भारतीय संविधान में तनिक भी विश्वास होता तो इन्हें मालूम होता यहां का लोकतंत्र सभी धर्मों को समान अधिकार देता है क्योंकि कोई भी धर्म हिंसा या नफ़रत नही फैलाता है। लोकसभा में प्रतिपक्ष के नेता श्री राहुल गांधी जी के भाषण और उनकी अभिव्यक्ति को तोड़-मरोड़कर देश भर के बिकाऊ तंत्रों व धर्मांध नेताओं के द्वारा जिस प्रकार बातों को पड़ोसा जा रहा है इन्हें अभी भी ज्ञात नही हो रही है कि देश की आम जनता अब इनके बहकावे से उब चुकी है। अब केवल कुछ खास कार्पोरेट घरानों के बल पर टिकी यह सरकार चंद दिनों का मेहमान हैं। इतिहास गवाह है हमारे भारत के पवित्र भूमि पर सदियों से लुटेरे आक्रांताओं और विदेशी हुकुमतों ने नफ़रत व उन्माद फैलाकर लुटने या तोड़ने का प्रयास करते रहें हैं लेकिन यही वो धरती है और यहां के आम आवाम है जो बाद में वैसे लोगों को छठी का दुध भी पिलाया है। इसलिए इस बार यहां के मतदाताओं ने एक से बढ़कर एक देशभक्तों को चुनकर संसद भवन में भेजने का काम किया है ताकि उन्मादी लोग अपने मनमाने तरीके से भारतीय लोकतंत्र और संविधान को खतरा नही पहुंचा सकते हैं। मोदी शाह जी अभी तो आपको केवल एक राहुल गांधी से पाला पड़ा है बाकी के संविधान रक्षकों से सामना करना



बाकी है इसलिए दायरे में रहकर देशहित का कार्य करें ना कि झूठे जुमले और वादों से यहां के आमजनों को ठगने का काम करें। अभी विश्व के तमाम देशों में जिस तरह की परिस्थितियां बनी हुई है वैसे में भारत को शैक्षिक, आर्थिक, सामरिक और टेक्नोलॉजी में काफी मजबूती लाने की जरूरत है। देश के अंदर व्याप्त भयंकर बेरोजगारी, गरीबी और विषमता को समाप्त करने की आवश्यकता है ना कि पाखण्ड और धर्मांधता जैसी सामाजिक प्रदुषण फैलाने की जरूरत है। भारत को फिर से समृद्ध राष्ट्र बनाने हैं तो यहां के आम जनता की बुनियादी ढांचे को मजबूत बनाने के बारे में कुछ खास करने के आवश्यकता है। हमारे देश के पढ़े लिखे नौजवान, महिलाएं, किसान और निम्न व्यवसायियों की हालात काफी गंभीर है इन्हें समृद्ध और सबल बनाने के बारे में उचित कदम उठाने की आवश्यकता है। इसलिए अब नफ़रत की दुकान बंद करें और विकास का द्वार खोलें।

बिहार प्रदेश कांग्रेस सेवादल के प्रभारी अफरोज खां एवं मुख्य संगठक प्रो डॉ संजय कुमार जी के निर्देशानुसार भाजपा और आरएसएस के नापाक इरादों को समाप्त करने के लिए बिहार के हर कस्बे मुहल्ले व गांवों में कांग्रेस के संगठन को मजबूत बनाने की जरूरत है इसलिए प्रदेश के तमाम प्रखंडों में कांग्रेस सेवादल संगठन का ईकाई को मजबूत करना है। ऐसे में बहुत जल्द ही जहानाबाद जिले में भी कांग्रेस सेवादल की सदस्यता अभियान शुरू किया जायेगा।

भवदीय
अशोक कुमार ₹प्रियदर्शी₹
अध्यक्ष
बिहार प्रदेश कांग्रेस सेवादल सोशल मीडिया विभाग, सदाकत आश्रम पटना

# बंधु तिर्की ने हाथरस की दुर्घटना को बताया दुर्भाग्यपूर्ण



संवाददाता ।कांग्रेस दर्पण

पूर्व मंत्री सह प्रदेश कांग्रेस के कार्यकारी अध्यक्ष बंधु तिर्की (Bandhu Tirkey) ने कहा है कि हाथरस में एक सत्संग के दौरान हुई दुर्घटना दुर्भाग्यपूर्ण है।

उन्होंने कहा कि अबतक की अधिकृत सूचना के अनुसार 122 से अधिक लोगों की मृत्यु हो चुकी है और मृतकों एवं हताहतों की संख्या और अधिक बढ़ने की आशंका है।

तिर्की ने मंगलवार को कहा कि हाथरस की घटना इस बात को बताने के लिये पर्याप्त है कि धार्मिक आयोजनों के दौरान सरकार एवं प्रशासन को न केवल अधिक सतर्कता और सावधानी की जरूरत है बल्कि, यूपी की सरकार और प्रशासन को अपनी लापरवाही पर अंकुश लगाने की भी जरूरत है।

# हिंदुत्व के मामले में राहुल गांधी ने कुछ भी गलत नहीं कहा, उद्धव ठाकरे

संवाददाता ।कांग्रेस दर्पण

महाराष्ट्र के पूर्व मुख्यमंत्री उद्धव ठाकरे (Uddhav Thackeray) ने लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष के तौर पर राहुल गांधी के बयान पर अपनी बात रखी।

उन्होंने राहुल के बयान को हिंदुत्व का अपमान मानने से इनकार कर दिया और कहा है कि राहुल गांधी ने कुछ भी गलत नहीं कहा है।

ठाकरे ने ये भी कहा कि राहुल गांधी (Rahul Gandhi) को सदन में भगवान शिव की फोटो दिखाने से रोका गया। उन्होंने सवाल किया, ''क्या यही हिंदुत्व है? हम भी जय श्रीराम बोलते हैं।

प्रधानमंत्री खुलेआम प्रचार सभा में जय श्रीराम कहते हैं, लेकिन संसद में अगर BJP के अलावा कोई और कहे तो क्या वह अपराध है? मैं नहीं मानता कि राहुल गांधी ने हिंदुत्व का अपमान किया है। मैं ये साफ कहता हूं कि BJP हिंदुत्व नहीं है। हम भी हिंदू हैं और हम ना




तो हिंदुत्व का अपमान करेंगे और ना इसका अपमान सहेंगे। इसमें राहुल गांधी भी आते हैं।''

ठाकरे ने भाजपा के हिंदुत्व पर कटाक्ष करते हुए आगे कहा, ''ये झूठा प्रचार है कि भाजपा ही हिंदुत्व है। हमारा हिंदुत्व पवित्र है जिसके आसपास भाजपा आती भी नहीं। BJP ने लोगों को उल्लू बनाने के लिए हिंदुत्व का एक नकाब पहना है। विधान परिषद में भी यही माहौल बनाने की कोशिश की गई कि हिंदुत्व का अपमान हुआ। हिंदुत्व का अपमान नहीं हुआ।

साथ ही मैं यह भी कहना चाहता हूं कि लोकसभा में कुछ लोगों ने अपनी शपथ के समय जय संविधान का नारा दिया तो उनको रोका गया। जय संविधान कहना कब से गुनाह हो गया? मैं अपील करता हूं कि इसका निषेध करने का प्रस्ताव लाएं।

उद्धव ठाकरे ने आगे कहा कि BJP हमको हिंदुत्व नहीं सिखाए। वर्ना उनको अपनी खुद की कुंडली निकालनी होगी। आप कुछ भी करें तो वह प्रजातंत्र है और हम जो भी करें तो वह अपराध है। यह सब नहीं चलेगा।

बता दें, राहुल गांधी ने नेता विपक्ष के तौर पर सदन में अपनी पहली स्पीच में भाजपा के ऊपर जमकर हमला बोला था। राहुल गांधी ने सत्तारूढ़ पार्टी पर सांप्रदायिक आधार पर लोगों को बांटने का आरोप लगाया था। इस दौरान राहुल ने ये भी कहा था कि जो लोग खुद को हिंदू कहते हैं वे चौबीसो घंटे हिंसा और नफरत फैलाने में लगे हुए हैं।

# राहुल गांधी ने पूरे हिंदू समाज के लिए कुछ भी गलत नहीं कहा: फैजाबाद के सांसद

संवाददाता ।कांग्रेस दर्पण

लखनऊ

फैजाबाद (अयोध्या) से सांसद अवधेश प्रसाद ने राहुल गांधी द्वारा हिंदू समाज को लेकर दिए गए बयान पर कहा कि हिंदुओं का इतिहास गौरवशाली है। जितना मैंने सुना नेता विपक्ष राहुल गांधी ने हिंदू समाज के लिए कुछ भी आपत्तिजनक नहीं कहा। हो सकता है कि उन्होंने भाजपा पर सवाल उठाया हो जो कि खुद को सभी हिंदू समाज का ठेकेदार कहती है। उन्होंने कहा कि राहुल गांधी की हिंदू समाज के लिए कोई गलत




भावना नहीं है। अवधेश प्रसाद ने कहा कि मैं खुद भी एक हिंदू हूं।


वहीं, राहुल गांधी के भाषण के हिस्से सदन की कार्यवाही से हटाने पर उन्होंने कहा कि हो सकता है कि कुछ बातें संविधान और परंपरा के मुताबिक न रही हों इसलिए लोकसभा अध्यक्ष ने उसे सदन की कार्यवाही से हटा दिया। ये उनका विशेषाधिकार है। बता दें कि राष्ट्रपति के अभिभाषण पर धन्यवाद प्रस्ताव पर लोकसभा में चर्चा के दौरान नेता विपक्ष राहुल गांधी के बयान पर हंगामा हो गया। राहुल ने भाजपा पर कटाक्ष करते हुए कहा कि जो लोग खुद को हिंदू कहते हैं, वे चौबीसों घंटे हिंसा, नफरत और झूठी बातें करते रहते हैं।

राहुल गांधी के इस बयान का प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी समेत सत्ता पक्ष के सदस्यों ने सख्त विरोध किया। प्रधानमंत्री ने कहा, पूरे हिंदू समाज को हिंसक कहना गलत है, यह गंभीर विषय है। इस पर राहुल ने कहा, वह भाजपा के बारे में बोल रहे थे। भाजपा, आरएसएस या मोदी पूरा हिंदू समाज नहीं है।

# राहुल गांधी के हिंदुत्व वाले बयान को लेकर छत्तीसगढ़ में राजनीति तेज

संवाददाता ।कांग्रेस दर्पण

नई दिल्ली। राष्ट्रपति के अभिभाषण पर धन्यवाद प्रस्ताव पर लोकसभा में चर्चा के दौरान विपक्ष के नेता राहुल गांधी के हिंदुत्व वाले भाषण पर हंगामा हो गया। इसे लेकर छत्तीसगढ़ में राजनीति तेज हो गई है। राहुल गांधी के भाषण पर भाजपा के हंगामे पर कांग्रेस ने निशाना साधा है।



छत्तीसगढ़ के पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने कहा, सत्ता पक्ष 10 वर्षों से डरा रहे हैं। आप भाजपा के नेताओं की ओर इशारा करते हुए कहा कि आप हिंसा और भय का वातावरण पूरे देश में बनाकर रखे हैं। जिन्होंने राहुल का भाषण सुना है। उसका यथार्थ यह था कि जो हिंसा के मार्ग पर चलते हैं वह हिंदू नहीं हो सकते हैं। कांग्रेस कभी हिंदू समाज का विरोधी रहा नहीं है। हिंदू मतलब भाजपा नहीं है।

लोकसभा में संतोष पांडेय के महादेव सट्टा एप के जिक्र व संलिप्तता पर भूपेश बघेल ने कहा, छत्तीसगढ़ में डबल इंजन की सरकार है, पकड़ क्यों नहीं रही है। गुमनाम पत्र पर बघेल ने कहा, ऐसे कई गुमनाम पत्र आते रहते हैं।

# नर्सिंग कालेज घोटाले के विरोध में एमपी युवा कांग्रेस का सत्याग्रह

संवाददाता ।कांग्रेस दर्पण

भोपाल। मध्य प्रदेश युवा कांग्रेस ने बहुचर्चित नर्सिंग घोटाले के विरोध में बोर्ड ऑफिस चौराहे पर 24 घंटे का सत्याग्रह शुरू कर दिया है। सत्याग्रह स्थल पर पीसीसी चीफ जीतू पटवारी भी पहुंच गए हैं। यहां पर युवा कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष मितेंद्र दर्शन सिंह की अगुआई में युवा कांग्रेस के कार्यकर्ता सत्याग्रह कर रहे हैं। उनका कहना है कि नर्सिंग कॉलेज घोटाला मामले में सरकार छोटे कर्मचारियों पर कार्रवाई कर रही है। इस मामले में बड़े अधिकारियों और जिम्मेदार मंत्री को छोड़ा जा रहा है। मंत्री का इस्तीफा लिया जाना चाहिए।



कांग्रेस नेताओं का आरोप है कि इस नर्सिंग कॉलेज घोटाले की वजह से हजारों नर्सिंग छात्रों का भविष्य बर्बाद हुआ है। वहीं व्यापमं के बाद नर्सिंग का इतना बड़ा घोटाला सामने आने के बाद देश भर में मप्र की छवि खराब हुई है। यदि सरकार जिम्मेदारों पर कार्रवाई नहीं करेगी तो आने वाले समय में भी घोटाले नहीं रुकेंगे।

# कल 'इंडिया' गठबंधन के दलों के साथ मीटिंग करेंगे पूर्व CM हेमंत सोरेन

संवाददाता ।कांग्रेस दर्पण

JMM के कार्यकारी अध्यक्ष और पूर्व उट हेमंत सोरेन ने 3 जुलाई को अपने आवास पर राज्य के सत्तारूढ़ 'इंडिया' गठबंधन के विधायकों की बैठक बुलाई है।

झारखंड Congressके प्रभारी गुलाम अहमद मीर एवं सत्तारूढ़ गठबंधन के बड़े लीडर भी बैठक में मौजूद रहेंगे।

बताया जा रहा है कि इस दौरान राज्य में मौजूदा सरकार के स्वरूप और आगामी विधानसभा चुनाव के मद्देनजर अहम फैसले लिए जा सकते हैं।

गौरतलब है कि हेमंत सोरेन पांच महीने जेल में रहने के बाद 28 जून को जमानत पर रिहा हुए हैं। इसके बाद सत्तारूढ़ गठबंधन की यह पहली बड़ी बैठक है।



विधानसभा चुनाव को लेकर विचार-विमर्श

विधायकों को भेजी गई सूचना में बताया गया है कि इसमें आने वाले विधानसभा चुनाव को लेकर विचार-विमर्श होगा।

इसके पहले हेमंत सोरेन ने उट रहते हुए 31 जनवरी को अपनी गिरफ्तारी के पहले गठबंधन के विधायकों के साथ बैठक की थी और अपनी गैरमौजूदगी में चंपई सोरेन को गठबंधन का नया नेता घोषित किया था।

सभी ने उनके फैसले को एक मत से स्वीकार किया था।

चंपई सोरेन ने भी पांच महीने के दौरान सरकार चलाते हुए हेमंत सोरेन के प्रति पूरी लॉयल्टी दिखाई है। वह जेल में बंद हेमंत सोरेन से मुलाकात कर लगातार दिशा निर्देश लेते रहे हैं।

चंपई सोरेन कई मौकों पर खुद को हेमंत पार्ट-टू बता चुके हैं।

अब जबकि हेमंत सोरेन को नियमित जमानत मिल चुकी है, तब सवाल उठ रहा है कि क्या वह फिर से उट की कुर्सी संभालेंगे? 3 जुलाई को गठबंधन की बैठक में कुछ विधायक इस मुद्दे को उठा सकते हैं

CM चंपई सोरेन को रिप्लेस करने का जोखिम

हालांकि राजनीतिक जानकारों का मानना है कि तीन-चार महीने बाद होने वाले विधानसभा चुनाव तक चंपई सोरेन को रिप्लेस करने की जोखिम हेमंत सोरेन शायद न उठाएं, क्योंकि इससे कार्यकर्ताओं और जनता में गलत संदेश जा सकता है।

माना जा रहा है कि गठबंधन की बैठक में सरकार के मंत्रिमंडल में दो खाली बर्थ पर मंत्रियों की नियुक्ति, चुनाव के दौरान सीटों के तालमेल और चुनावी रणनीति पर बड़े फैसले के लिए हेमंत सोरेन को अधिकृत किया जाएगा।

# बढ़े हुए होल्डिंग टैक्स को लेकर कांग्रेस करेगी विरोध प्रदर्शन: प्रेम राय

संवाददाता ।कांग्रेस दर्पण

कटिहार। कटिहार नगर निगम द्वारा बढ़ाये गए होल्डिंग टैक्स को लेकर कांग्रेस पार्टी 03 जुलाई को काला बिल्ला लगाकर विरोध प्रदर्शन करेगी।

इस संदर्भ में कांग्रेस पार्टी के पूर्व जिला अध्यक्ष प्रेम राय ने कहा कि जबतक नगर निगम बढ़े हुए होल्डिंग टैक्स को कम नही करेगी तब तक यह लड़ाई लोकतांत्रिक तरीके से निरंतर जारी रहेगा। प्रेम राय ने कहा कि होल्डिंग टैक्स में अप्रत्याशित वृद्धि के विरोध में पूर्व में भी धरना प्रदर्शन के



माध्यम से हमनें सरकार को अल्टीमेटम दिया था। साथ ही राज्य सरकार के मंत्रियों को, सभी पार्टी के विधायक व विधान पार्षदों को भी इस विषय से अवगत कराया गया। इसके बावजूद बढ़े हुए टैक्स को वापस नही लिया गया।

प्रेम राय ने कहा कि इसी कड़ी में 03 जुलाई को सभी लोग दिनभर काला बिल्ला लगाकर काम करेंगे तथा शाम पांच बजे शहीद चौक पर विरोध प्रदर्शन किया जायेगा। उन्होंने सभी होल्डिंग टैक्स उपभोक्ता व कटिहार के सम्मानित नागरिक इस विरोध प्रदर्शन में शामिल होने का अपील किया। प्रेम राय ने बताया कि इस मामले को लेकर जल्द ही पटना उच्च न्यायालय में एक रीट याचिका भी दाखिल करने पर विचार किया जा रहा है।

# राहुल गांधी ने मोदी को पत्र लिखकर आग्रह किया, मेडिकल प्रवेश परीक्षा 'नीट' पर सदन में चर्चा कराई जाए

संवाददाता ।कांग्रेस दर्पण

नई दिल्ली

लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी ने मंगलवार को प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी को पत्र लिखकर आग्रह किया कि मेडिकल प्रवेश परीक्षा 'नीट' में कथित अनियमितता के मुद्दे पर सदन में चर्चा कराई जाए। उन्होंने कहा कि राष्ट्रीय पात्रता सह प्रवेश परीक्षा (नीट) पर चर्चा कराने के विपक्ष के अनुरोध को गत 28 जून और बीते सोमवार को ठुकरा दिया गया था, लेकिन लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला ने विपक्ष को आश्वासन दिया था कि वह सरकार के साथ इस मामले पर चर्चा करेंगे।



एकमात्र चिंता 24 लाख NEET

उम्मीदवारों का कल्याण

गांधी ने मंगलवार को प्रधानमंत्री को लिखे अपने पत्र में कहा, ''मैं 'नीट' पर संसद में चर्चा का अनुरोध करते हुए यह पत्र लिख रहा हूं।" उन्होंने कहा, '' इस समय, हमारी एकमात्र चिंता पूरे भारत में लगभग 24 लाख 'नीट' उम्मीदवारों का कल्याण है।" कांग्रेस नेता ने कहा, '''नीट' परीक्षा तत्काल ध्यान देने योग्य है, क्योंकि इसने हमारी उच्च शिक्षा प्रणाली में गहरी समस्या को उजागर किया है। पिछले सात वर्षों में 70 से अधिक पेपर लीक हुए हैं, जिससे 2 करोड़ से अधिक छात्र प्रभावित हुए हैं।" उन्होंने कहा, ''हमारे छात्रों को जवाब मिलना चाहिए। संसद में चर्चा उनके विश्वास को बहाल करने की दिशा में पहला कदम होगा।"

# कांग्रेस सांसद गोगोई ने गडकरी से जोरहाट में राजमार्ग का काम पूरा कराने का अनुरोध किया

संवाददाता ।कांग्रेस दर्पण

जोरहाट

कांग्रेस नेता गौरव गोगोई ने केंद्रीय सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्री नितिन गडकरी से जोरहाट में तियोक-शिवसागर राजमार्ग पूरा करने के लिए हस्तक्षेप करने और तत्काल कार्रवाई करने का अनुरोध किया है।

गोगोई ने कहा कि इस राजमार्ग की हालत ''खराब'' है।

इस निर्माणाधीन राजमार्ग के निर्माण स्थल से एक वीडियो जारी करते हुए गोगोई ने कहा कि कई वर्षों से काम अटका है और आए दिन दुर्घटनाएं तथा बड़ी देर तक, दूर तक यातायात जाम आम बात हो गयी है।



यह राजमार्ग जोरहाट लोकसभा क्षेत्र के तहत आता है जिसका प्रतिनिधित्व गोगोई करते हैं।

कांग्रेस सांसद ने कहा कि तियोक-शिवसागर राजमार्ग जोरहाट क्षेत्र में एक महत्वपूर्ण सड़क है जो 'कनेक्टिविटी' को बढ़ावा देने के लिए अहम है।

उन्होंने सोशल मीडिया मंच 'एक्स' पर पोस्ट किए गए वीडियो में कहा, ''सड़क के कई हिस्सों पर काम पिछले कई वर्षों से 'चल रहा' है। सड़क की हालत खराब है। आए दिन दुर्घटनाओं से लेकर बड़ी देर तक, दूर दूर तक यातायात जाम सहित राजमार्ग के इस हिस्से में कई समस्याएं हैं।''

उन्होंने कहा कि लोगों को काफी असुविधा हो रही है।

गोगोई ने कहा, ''मैं माननीय सड़क परिवहन व राजमार्ग मंत्री नितिन गडकरी से हस्तक्षेप करने तथा तत्काल कार्रवाई करने का अनुरोध करता हूं।''

कांग्रेस नेता ने कहा कि गडकरी ने हाल ही में जोरहाट का दौरा किया था। उन्होंने उम्मीद जताई कि मंत्री यह सुनिश्चित करने के लिए आवश्यक कदम उठाएंगे कि काम जल्द से जल्द पूरा हो जाए और लोगों को बेवजह परेशानी न उठानी पड़े।

# राहुल गांधी के बयान पर बवाल के बीच दिग्विजय सिंह का बड़ा बयान, 'BJP-RSS हिंदुओं के प्रतीक नहीं

संवाददाता ।कांग्रेस दर्पण

भोपाल

लोकसभा के सत्र में राहुल गांधी ने सोमवार एक जुलाई को जो भाषण दिया, उससे सियासी महकमे में भयंकर हंगामा मच गया. राहुल गांधी के भाषण के एक हिस्से में हिन्दू समाज का जिक्र किया गया था, जिसके बाद सत्तारूढ़ पार्टी बीजेपी ने कांग्रेस को 'हिन्दू विरोधी' करार दे दिया है. अब इस मामले में दिग्विजय सिंह राहुल गांधी के समर्थन में आए हैं.

राज्यसभा सांसद दिग्विजय सिंह ने राहुल गांधी के भाषण और इस पर किए जाने वाले बीजेपी के हमले पर प्रतिक्रिया दी है. उन्होंने कहा, ₹राहुल गांधी ने ये अपने भाषण में ही साफ कर दिया कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, बीजेपी और आरएसएस हिन्दूओं के प्रतीक नहीं हैं. इनका आचरण हिन्दू धर्म की सीख के खिलाफ है.₹





'भले चाय न बेची हो, लेकिन कई लोग पीएम बने'

वहीं, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी पर हमला करते हुए दिग्विजय सिंह ने बड़ा बयान दिया. दरअसल, मंगलवार को सदन की शुरुआत से पहले बीजेपी के संसदीय दल की बैठक हुई जिसमें पीएम मोदी ने राहुल गांधी पर हमला किया. उन्होंने कहा, ₹चाय वाला तीन बार प्रधानमंत्री बन गया, तो ये लोग छटपटा रहे हैं.₹

पीएम मोदी के इस बयान पर दिग्विजय सिंह ने पलटवार करते हुए कहा, ₹भले ही चाय ना बेची हो लेकिन कई लोग पीएम बने हैं. इस देश में किसी को भी प्रधानमंत्री बनने का हक है. बाबा साहब अंबेडकर के लिखे संविधान की बदौलत मोदी प्रधानमंत्री बने हैं.₹

क्या था पीएम मोदी का बयान?

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने राहुल गांधी के सदन में व्यवहार को गलत बताया और बीजेपी के सांसदों से अपील की कि उनके जैसा बर्ताव न करें और अच्छा आचरण रखें. उन्होंने कहा कि राहुल गांधी के लिए यह असहनीय है कि एक चाय वाला तीन बार प्रधानमंत्री बन गया.

# नरेंद्र मोदी की दुनिया में सच्चाई एक्सपंज हो सकती है, वास्तविकता में नहीं, राहुल गांधी

संवाददाता ।कांग्रेस दर्पण

सोमवार को लोकसभा (Lok Sabha) में दिए गए अपने भाषण के कुछ हिस्से हटाए जाने के बाद मंगलवार को नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी (Rahul Gandhi) ने संसद परिसर में मीडिया से बात करते हुए कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी (PM Narendra Modi) की दुनिया में सच्चाई ‘एक्सपंज’ (Expunge) हो सकती है, लेकिन वास्तविकता में ऐसा नहीं हो सकता है।

Congress सांसद ने कहा कि जो मुझे कहना था, मैंने कह दिया। जो मैंने कहा, वह सच्चाई है। सच्चाई तो सच्चाई होती है।





राहुल गांधी ने राष्ट्रपति के अभिभाषण पर लाए गए धन्यवाद प्रस्ताव पर विपक्ष की ओर से चर्चा की शुरुआत की। उन्होंने इस दौरान कहा कि हिंदू (Hindu) कभी हिंसा नहीं कर सकता, कभी नफरत और डर नहीं फैला सकता है। इस हिस्से को संसद की कार्यवाही से हटा दिया गया।

ओम बिरला को पत्र लिखा

लोकसभा में विपक्ष के नेता और कांग्रेस सांसद राहुल गांधी ने अपने भाषण से हटाए गए अंशों और टिप्पणियों के बारे में स्पीकर ओम बिरला (Speaker OM Birla) को पत्र लिखा है।

पत्र के माध्यम से उन्होंने अनुरोध किया है कि टिप्पणियों को बहाल किया जाए। पत्र में लिखा गया है कि मैं यह देखकर स्तब्ध हूं कि मेरे भाषण के काफी हिस्से को कार्यवाही से हटा दिया गया है। मेरी टिप्पणियों को रिकॉर्ड से हटाना संसदीय लोकतंत्र के मूल सिद्धांतों के

# लोकसभा की कार्यवाही से राहुल गांधी के भाषण का हटाया गया कुछ हिस्सा

संवाददाता ।कांग्रेस दर्पण

सोमवार को नेता प्रतिपक्ष के रूप में लोकसभा (Lok Sabha)में राष्ट्रपति के अभी भाषण के धन्यवाद प्रस्ताव पर राहुल गांधी ने आक्रामक भाषण दिया था।

उन्होंने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से लेकर BJPऔर सरकार को निशाने पर लिया था। उन्होंने अग्निवीर योजना को सेना की नहीं, बल्कि PMO की योजना बताया था।

अब यह खबर आ रही है कि उनके भाषण के कुछ हिस्सों को लोकसभा की कार्यवाही से हटा दिया गया है।

इन बातों को रिकॉर्ड से किया गया एक्सपंज

-राहुल गांधी ने हिंदुओं और हिंसा को लेकर जो बयान दिए थे, उन्हें संसद की कार्यवाही से हटा दिया गया है।

-अल्पसंख्यकों के साथ भाजपा द्वारा अनुचित व्यवहार किया जाता है। इसे भी हटा दिया गया है।

लोकसभा की कार्यवाही से राहुल गांधी के भाषण का हटाया गया कुछ हिस्सा, फिर

राहुल गांधी ने हिंदुओं और हिंसा को लेकर जो बयान दिए थे, उन्हें संसद की कार्यवाही से हटा दिया गया है।



सोमवार को नेता प्रतिपक्ष के रूप में लोकसभा में राष्ट्रपति के अभी भाषण के धन्यवाद प्रस्ताव पर राहुल गांधी ने आक्रामक भाषण दिया था।

उन्होंने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से लेकर BJPऔर सरकार को निशाने पर लिया था। उन्होंने अग्निवीर योजना को सेना की नहीं, बल्कि PMO की योजना बताया था।

अब यह खबर आ रही है कि उनके भाषण के कुछ हिस्सों को लोकसभा की कार्यवाही से हटा दिया गया है।

इन बातों को रिकॉर्ड से किया गया एक्सपंज

-राहुल गांधी ने हिंदुओं और हिंसा को लेकर जो बयान दिए थे, उन्हें संसद की कार्यवाही से हटा दिया गया है।

-अल्पसंख्यकों के साथ भाजपा द्वारा अनुचित व्यवहार किया जाता है। इसे भी हटा दिया गया है।

-अग्निवीर सेना नहीं, ढटड की योजना है, इसको भी हटाया गया है।

-राहुल गांधी ने कहा था कि भाजपा 24 घंटे नफरत और हिंसा फैलाती है। यह बयान भी कार्यवाही का हिस्सा नहीं है।

-राहुल ने कहा था, जब मैं ढट मोदी की ओर देखता हूं तो वो मुस्कुराते नहीं हैं। यह बयान भी हटा दिया गया है।

-राहुल गांधी द्वारा अंबानी और अडानी को लेकर की गई टिप्पणियां भी अब रिकॉर्ड में नहीं हैं।

-कोटा में NEET की परीक्षा सेंट्रलाइज्ड है और अमीरों को फायदा पहुंचाने वाली बात भी हटा दी गई है।

# मुझे EVM पर अभी भी भरोसा नहीं, मुद्दा मरा नहीं है- संसद में बोले अखिलेश यादव

संवाददाता ।कांग्रेस दर्पण

नई दिल्ली
राष्ट्रपति के अभिभाषण पर धन्यवाद प्रस्ताव पर संसद के दोनों सदनों में आज भी चर्चा होगी. धन्यवाद प्रस्ताव पर हुई चर्चा का प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी आज लोकसभा में जवाब देंगे. पीएम मोदी राज्यसभा में धन्यवाद प्रस्ताव पर चर्चा का कल जवाब दे सकते हैं. 18वीं लोकसभा के गठन के बाद संसद का यह पहला सत्र है.

समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव ने अयोध्या में अवधेश प्रसाद की जीत पर संसद में बड़ी प्रतिक्रिया दी है. अखिलेश ने कहा कि होई वही जो राम रचि राखा. ये है उसका फैसला, जिसकी लाठी में नहीं होती आवाज. जो करते थे किसी को लाने का दावा, वो खुद हैं किसी के सहारे को लाचार.

अयोध्या सांसद के बगल में बैठकर अखिलेश ने कहा हम अयोध्या से लाए हैं उनके प्रेम का पैगाम. अभयदान देती जिनकी मंद मंद मुस्कान. कि वो हैं मर्यादा पुरुषोत्तम श्री राम. इसके अलावा अखिलेश ने कहा कि ईवीएम पर कल भी भरोसा नहीं था, आज भी नहीं भरोसा. मैं 80 सीटें जीत जाऊं तब भी नहीं भरोसा. ईवीएम से जीतकर ईवीएम हटाने का काम करेंगे. जब तक ईवीएम नहीं हटेगी, हम समाजवादी लोग इस पर अडिग रहेंगे.



### 'कम से कम गंगाजल से झूठ न बोलें...' यूपी के मुद्दों पर संसद में गरजे अखिलेश यादव

सपा नेता ने कहा कि जहां से पीएम चुनकर आते हैं, वहां की प्रदेश सरकार भी वन ट्रिलियन इकोनॉमी की बात कर रही है. यूपी में अगर ये संभव करना है तो 35 प्रतिशत की ग्रोथ चाहिए. मुझे नहीं लगता कि ये संभव नहीं हो पाएगा. हंगर इंडेक्स में हम कहां खड़े हैं? हैपिनेस इंडेक्स में हम कहां खड़े हैं? चुनाव को जो लोग अपने तरीके से मोड़ते हैं, उनसे कहना चाहता हूं कि इस चुनाव के परिणाम ने तोड़ने वाली राजनीति को तोड़ दिया है. धन, बल, छल की राजनीति की शिकस्त हुई है. सकारात्मक राजनीति की शुरुआत हुई है.

### जिसे गोद लिया जाता है, उसे अनाथ छोड़ देना अच्छी बात नहीं

अखिलेश यादव ने कहा कि जिस यूपी ने बीजेपी की सरकार बनवाई, उस यूपी से भेदभाव किया गया. उन्होंने एक्सप्रेसवे को लेकर सरकार को घेरा और कहा कि जो भी एक्सप्रेसवे बने हैं, यूपी के बजट से बने हैं. केंद्र ने एक भी एक्सप्रेसवे नहीं दिया है. अखिलेश ने कहा कि पीएम ने जिस गांव को गोद लिया था, उसकी तस्वीर भी नहीं बदली. 10 साल में वही कच्ची पगडंडिया हैं, वही टूटी सड़कें हैं. इन्हें तो पता नहीं नाम भी याद होगा या नहीं. नाम पूछकर शर्मिंदा नहीं करूंगा. जिसे गोद लिया जाता है, उसे अनाथ छोड़ देना अच्छी बात नहीं.

### अखिलेश बोले- 80 की 80 सीटें जीत जाऊं तब भी ईवीएम पर भरोसा नहीं

अखिलेश यादव ने लोकसभा में सरकार पर शायराना हमला करते हुए कहा- हजूर-ए-आला आज तक खामोश बैठे हैं इसी गम में, महफिल लूट ले गया कोई जबकि सजाई हमने. उन्होंने कहा कि जब आदर्श आचार संहिता लागू हुआ, हमने देखा कि चुनाव आयोग कुछ लोगों पर मेहरबान रहा. वह संस्था निष्पक्ष होगी तो भारत का लोकतंत्र मजबूत होगा. उन्होंने कहा कि ईवीएम पर मुझे आज भी भरोसा नहीं है. 80 की 80 सीटें जीत जाऊं तब भी नहीं होगा. हमने चुनाव में भी कहा था कि ईवीएम से जीतकर ईवीएम हटाएंगे.

### जो किसी को लाने का दावा करते थे, वह खुद किसी के सहारे के लाचार- अखिलेश

अखिलेश यादव ने गन्ना किसानों के भुगतान से लेकर पेपर लीक तक, सरकार को घेरा. उन्होंने कहा कि जनता का जागरण काल आ गया है. उन्होंने कहा कि एक जीत और हुई है. अयोध्या की जीत का जिक्र करते हुए अखिलेश यादव ने कहा कि हम तो बचपन से यही सुनते आए हैं- होइहीं सोई जो राम रची राखा. ये है उसका फैसला जिसकी लाठी में नहीं होती आवाज, जो करते थे उसको लाने का दावा, वो खुद किसी के सहारे के हैं लाचार. उन्होंने 'हम अयोध्या से लाए हैं उनके प्रेम का पैगाम...' कविता भी सुनाई.

### क्योटो की फोटो लेकर घाट तक खोज रहे बनारसी- अखिलेश

अखिलेश यादव ने कहा कि बनारस के लोग क्योटो की फोटो लेकर उसे गंगाजी तक खोज रहे हैं. शायद गंगाजी जिस दिन साफ हो जाएंगी, उस दिन गंगाजी की गोद से क्योटो निकल आए. उन्होंने स्मार्ट सिटी को लेकर सरकार पर तंज करते हुए कहा कि बारिश की शुरुआत में ही नाव सड़कों पर आई है.